तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

14 मातर उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया



12 स्पा सेंटरों में देह व्यापार का खेल, जनवरी से अब ...





## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में मंत्री गजेन्द्र होंगे मुख्य अतिथि

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 02 से 04 नवंबर तक जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्योत्सव समारोह में प्रदेश के स्कूली शिक्षा, विधि विधायी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### जिले में 1.12 लाख किसानों ने कराया फसल बीमा

**बालोद।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जिले में मौसम खरीफ वर्ष 2025–26 खरीफ फसलों का 1,12,832 किसानों द्वारा 1,29,870 हेक्टेयर में फसल बीमा कराया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में मोंथा तूफान के कारण जिले में चक्रवाती वर्षा एवं तूफान सक्रिय है, जिसके अंतर्गत बालोद जिले को रेड अलर्ट में रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत ओला, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा के कारण अधिसूचित फसल काटकर 14 दिन के अंदर सुखाने के लिए करपा या बंडल रखा गया है, और नुकसान होता है तो निर्धारित समय सीमा 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के ब्यौरे की जानकारी के साथ किसान सीधे टोल फ्री हेल्प लाईन नंबर 14447 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### जंगल में युवक की मिली लाश, हत्या की आशंका

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम गुरामी के जंगल में मंगलवार की सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच एक व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना स्थल मुख्य मार्ग से करीब 200 मीटर अंदर जंगल में स्थित बताया जा रहा है।



ग्राम कोटवार की सूचना पर डौंडीलोहारा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसके साथ ही जिला क्राइम ब्रांच की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान मृतक की पहचान भूषण राम नेताम (47 वर्ष) निवासी वनांचल के ग्राम अरजपुरी के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं तथा कपड़ों पर खून के धब्बे भी मौजूद हैं, जिससे हत्या की आशंका है। जानकारी के अनुसार, मृतक ग्राम में ही बढ़ई व खेती किसानी का कार्य करता था। जानकारी मिली है कि वर्तमान में वह कुछ दिनों से स्कूल में रसोईये का भी काम कर रहा था। सोमवार देर शाम तक वह गांव में देखा गया था। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई है। शरीर पर मिले चोटों के आधार पर प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस द्वारा परिजनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अपराधी के जल्द से जल्द पकड़ में आने की संभावना जताई जा रही है।

### युवती से मारपीट 3 युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** मेला घुमने आई युवती के साथ तीन लड़को ने मारपीट कर दिया। जिसके बाद युवती ने तीनो लड़को के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम ठेमाबुजुर्ग निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि मै ट्रांसजेंडर फिमेल हूं मै बालको कोरबा में कार्यरत हूं, हमारे ग्राम ठेमाबुजुर्ग में मण्डाई मेला का प्रोग्राम होता है, जहां मै सम्मिलित होने के लिए अपने घर ग्राम ठेमाबुजुर्ग मे आती हूं। मेला मण्डाई घुमने के लिए मै अपने दोस्त पवित्र उर्फ शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय जंबूरी के लिए स्काउट्स एवं गाइड्स की निरीक्षण टीम ने किया स्थलों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष गजेन्द्र यादव के निर्देशन में राज्य मुख्य आयुक्त इदरजीत खालसा एवं राज्य सचिव जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन हेतु द्वितीय चरण का निरीक्षण बालोद जिले के संभावित स्थलों हथोंद एवं दुधली में किया गया।

निरीक्षण टीम में अशोक देशमुख, हेमन्त देवांगन एवं अमित क्षत्रिय सम्मिलित रहे। टीम ने दोनों स्थलों का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया तथा दुधली को राष्ट्रीय जंबूरी के आयोजन हेतु अधिक उपयुक्त माना। दुधली स्थल के समीप जंगल एवं गोदली जलाशय जैसी प्राकृतिक सुविधाएं एडवेंचर गतिविधियों के लिए अनुकूल बताई गईं। हालांकि, स्थल का अंतिम चयन स्कूल शिक्षा मंत्री एवं स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य अध्यक्ष गजेन्द्र यादव द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संघ बालोद से जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला सहायक आयुक्त नवीन यादव, हिमांशु मिश्रा, मोहिनी यादव, जिला आयुक्त (गाइड) दुर्गेश नंदिनी यादव, जिला सचिव केएल. गजेन्द्र, संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नेम सिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) प्रेमलता चंद्राकर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) भुवन सिंहा, गाइड प्रतिनिधि सीमा साहू, विकासखण्ड सचिव सेवा राम प्रेमन, संयुक्त सचिव लिली पुष्पा एक्का एवं मीडिया प्रभारी मिलन सिंहा, कमला वर्मा, योगिता राजपूत, वाईपी. गांगुली, रोहित कुमार देशमुख एवं विवेक धुर्वे उपस्थित थे।

### निरीक्षण टीम ने दिए सुझाव



**सराहना की**

राज्य मुख्य आयुक्त एवं राज्य सचिव के साथ निरीक्षण टीम ने बालोद जिले के विभिन्न स्थलों का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। अधिकारियों ने बालोद जिले की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधन एवं सुविधाओं की सराहना की तथा जिले में स्काउट–गाइड संगठन की सक्रियता और प्रगति पर संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

## तैयारी

# राज्योत्सव को गरिमामय बनाने में कोई कमी न रहे : कलेक्टर

**कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्योत्सव समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वें वर्ष पूरा होने के अवसर पर 02 से 04 नवंबर तक जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में भव्य एवं गरिमामय रूप से जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मिश्रा साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी विभाग प्रमुखों को सौंपे गए दायित्वों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों एवं अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर जिले में सफलतापूर्वक राज्योत्सव समारोह का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में प्रदेश के स्कूली शिक्षा, विधि विधायी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

उन्होंने सभी विभागों के कार्यक्रम स्थल में प्रदर्शनी लगाकर अपने–अपने विभागों के विकास कार्यों को प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का बेहतर एवं गरिमा के अनुरूप साज–सज्जा कराने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में सांस्तिक कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने 17 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में अधिकारियों को सफलतापूर्वक एवं निर्विघ्न रूप से धान खरीदी के कार्य को संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में धान खरीदी कार्य के तहत इस वर्ष कुल 144 सहकारी समितियों के अंतर्गत कुल 160 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 144 सहकारी समितियों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नोडल अधिकारी के रूप में जिला, अनुविभाग, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



### नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों व आपरेटरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

मिश्रा ने बताया कि सहकारी समितियों में नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किए गए जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है। इसके अलावा अनुविभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों तथा समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों को 29 एवं 30 अक्टूबर को संबंधित विकासखण्डों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने–अपने प्रभार वाले सहकारी समितियों के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर चेकलिस्ट के अनुसार निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# तांदुला डेम में केज की जाली खोलकर बहाई 6 लाख मछली, दो पर मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

तांदुला डेम में केज के हाफा (जाली) को दो युवको ने खोल दिया। जिससे मछली तांदुला बांध में चली गई, जिससे मछली पालको को 6 लाख का नुकसान हो गया। जिसके बाद युवक ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 324(5), 351(3) बीएनएस के तहत दो लोगों पर मामला कायम कर लिया है।

■ कैमरे में कैद हुई हरकत

ममता नगर राजनांदगांव निवासी तुषार देवांगन ने पुलिस को बताया कि मतस्य विभाग जिला बालोद से तांदुला डेम बालोद में मछली पालन करने के लिये 10 वर्षो की लीज पर वर्ष 2025 में लिये है, जिसमें मेरे साथ मेरे सहयोगी राहुल देवांगन एवं सनद देवांगन पार्टनरशीप पर है। मछली पालन की देख– रेख के लिये ग्राम मालगांव निवासी रविन्द्र कुमार कुरेटी, ग्राम बेलमाण्ड निवासी हेमशंकर कस्तुरे एवं बालोद निवासी सैजलाल ढीवर को विगत 03 माह से रखे है, सुरक्षा के लिये सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगाये है जिसे मोबाईल में एप्लिकेशन के माध्यम से जोड़े है। मछली पालन स्थल की जांच करने के लिये 26 अक्टूबर के 10:55 बजे का सी.सी.टी.व्ही. कैमरा की वाईस रिकार्ड को सुनने पर हमे पता चला जिसके वाईस रिकार्ड में रविन्द्र कुमार एवं हेमशंकर कस्तुरे ने सैजलाल ढीवर को गाली– गलौज करते हुये धमकी दे रहे है एवं फार्म में रखे मछली दाना को फेंक कर नुकसान करने की बात कहते हुये मुझे, राहुल देवांगन, सनद देवांगन को भी गाली गलौज करते हुये मतस्य पालन केज को नुकसान होने पर छोड़ कर चले जाने की बात कह रहे थे। तब मैं, राहुल देवांगन एवं सनद देवांगन हम तीनो मछली पालन स्थल तांदुला डेम में आकर देखे जहां हम लोगों ने करीबन 03 माह पहले 70,000 बीज मछली पालन करने के लिये केज में डाले थे, जिसमें करीबन 40,000 मछली उपलब्ध मिला तथा शेष करीबन 30,000 पालन किया हुआ मछली जिसमें प्रत्येक शेष पेज 12 पर

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 4.90 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने का लालच दिखाकर युवक से तीन बार के अलग अलग किस्त में 4,90,000 रू. वसूल लिया गया। जिसके बाद जब युवक को धोखाधड़ी की आशंका हुई तो युवक ने थाना मे शिकायत की है। जिसमें पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच देकर ऑनलाइन ठगी, मामला दर्ज

ग्राम पारास बालोद निवासी नंदराज साहू ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में एम.बी.ए. की पढाई पुणे (महाराष्ट्र) से कर रहा हूं। वर्ष 2024 में ट्रेडिंग के संबंध में जानकारी लेने के लिये मैं अपने मोबाईल में फेसबुक एवं यूट्यूब के माध्यम से सर्च कर रहा था, तभी मुझे फेसबुक के माध्यम से असूम प्लस एवं एवेदस स्पार्क ट्रडिंग नाम के वाट्सअप ग्रुप में मेरा मोबाईल नं. को एडड कर दिये, उक्त वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से मुझे ट्रेडिंग में अधिक लाभ होने का एसएमएस प्राप्त होता था तथा मुझे ग्रुप के माध्यम से स्टॉक मार्केट में निवेश के लिये प्रेरित किया गया। अधिक लाभ का झासा देने पर मेरे द्वारा अपने मोबाईल में असूम प्लस एप्लिकेशन डाउनलोड किया गया।

जिसके माध्यम से प्राप्त बैंक खाता में मैनें 28 जून 2024 को मेरे बैंक खाता से पर्स फैक्टरी के खाता में 1,50,000 रू. चेक के माध्यम से व 03 जुलाई 2024 को मेरे बैंक खाता से धृति डायमंड प्रोसेस के खाता में आरटीजीएस के माध्यम से 3,00,000 रू. व 05 जुलाई 2024 को मेरे बैंक खाता से सौरव हैम्पर्स के खाता में 40,000 रू. आईएमपीएस के माध्यम से भेजा हूं। इस प्रकार कुल 4,90,000 रू. स्टॉक ट्रेडिंग एप्प में निवेश करने हेतु भेज चुका हूं। जिसके 2– 3 माह बाद अपने 4,90,000 रू. ट्रडिंग एप्प से निकालने का प्रयास किया तो मुझे वाट्सअप ग्रुप से हटा दिया गया तब मुझे ऑनलाईन ट्रडिंग एप्प के नाम से धोखाधड़ी का पता चला।

# मोन्था चक्रवात का असर जिले में कई जगहों पर हल्की बारिश से ठंड गायब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले मे मोन्था चक्रवात का असर देखने को मिला, जिसके कारण जिले मे सुबह हल्के बादलो के बाद दोपहर होते होते देर शाम तक हल्की बूंदा बांदी व कई जगहो मे बारिश देखने को मिली।

■ मोन्था चक्रवात का असर जिले में बदली और बूंदाबांदी से मौसम हुआ नम

जहां एक ओर दीपावली लगने के साथ ही गुलाबी ठंड के अनुभव कर रहे थे लेकिन वर्तमान मे आसमान मे बादल होने तथा चक्रवात के कारण हल्की बूंदा बांदी से जिले के लोगो को ठंड का अहसास नही हो रहा हैं। जहां चक्रवात के कारण जिलेवासी ठंड से बचने गर्म कपड़ो को पहनने की जगह बारिश से बचने के लिए छाता व रेनकोट निकालने को मजबूर है।

ऐसे मे मोन्था चक्रवात के कारण तीन से चार दिनो तक बदली व हल्की बारिश के बाद मौसम खूलते ही ठंड की शुरूवात होने की संभावना जिलेवासी लगा रहे है।

# प्रदेश के 2.12 करोड़ मतदाताओं की होगी घर-घर जांच, सूची को बनाया जाएगा त्रुटिरहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के 2.12 करोड़ मतदाताओं का स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। बालोद नगरपालिका के बीजेपी पार्षद दीपक कुमार ने केंद्रीय निर्वाचन आयोग के एसआईआर के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार जो पात्र और देश के नागरिक हो, उनके ही नाम मतदाता सूची में होने चाहिए। एसआईआर का निर्णय स्वागत योग्य है। पार्षद दीपक ने कहा एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट और त्रुटिरहित बनाना है। इस प्रक्रिया में घर–घर जाकर मतदाताओं की मौजूदगी की जांच करेंगे। जिनके पते या पहचान पर संदेह होगा, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। प्रदेश में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की तैयारी पूरी कर ली गई है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज मंगलवार से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेश में 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार मतदाता हैं। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को चुनाव कराने और मतदाता सूची तैयार करने की संपूर्ण जिम्मेदारी देता है। आयोग के अनुसार एसआईआर का मकसद पारदशएँ और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर यह एक विशेष प्रक्रिया है जिसे भारत निर्वाचन आयोग चलाता है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन करना होता है। इस प्रक्रिया में मृत, स्थान बदल चुके या फजएँ नाम हटाए जाते हैं। नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं। डुप्लीकेट प्रविष्टियों को ठीक किया जाता है।





■ निष्पक्ष और सटीक मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव

## शत-प्रतिशत किसानों के पंजीयन के लिए अभियान

# एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कार्य निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है।

■ धान खरीदी से पहले सभी किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य : कलेक्टर मिश्रा के निर्देश पर पर कार्य जारी

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन कर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है, किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जा रहा है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे। इसके अंतर्गत जिले के सहकारी समितियों में राजस्व एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं।






# ई-बॉल तकनीक से होगी तालाबों की सफाई, हानिकारक तत्व होंगे नष्ट

## नगर निगम भिलाई ने शुरू किया काम, महाराष्ट्र, यूपी, रायपुर, अंबिकापुर में किया जा चुका है प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अब नगर निगम भिलाई क्षेत्र के छठ तालाबों की सफाई के लिए ई-बॉल तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई है। यह पानी की गुणवत्ता सुधारने में बेहद असरदार माना जा रहा है। निगम का कहना है कि यह पहल न केवल छठ पूजा के लिए स्वच्छ जल सुनिश्चित करेगी, बल्कि भविष्य में जल स्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता बनाए रखने में भी सहायक होगी। नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि 15 फीट गहराई वाले एक एकड़ तालाब के लिए 120 ई-बॉल पर्याप्त होती है। इस तकनीक का सफल उपयोग पहले ही अंबिकापुर, रायपुर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में किया जा चुका है। आयुक्त के निर्देश के बाद भिलाई नगर निगम क्षेत्र के तालाबों में भी इसका प्रयोग प्रारंभ की गई है।





### पानी में बदबू और प्रदूषण फैलाने वाले हानिकारक तत्वों को नष्ट करती है ई-बॉल

ई-बॉल 14 प्रकार के लाभदायक बैक्टीरिया, फंगस और कैल्शियम कार्बोनेट (चूना) पाउडर का मिश्रण होती है। प्रत्येक ई-बॉल लगभग 10 से 12 ग्राम वजनी होती है। इनमें मौजूद सूक्ष्मजीव 12 घंटे में पानी में घुल जाते हैं और 48 घंटे में असर दिखाने लगते हैं। ये जीव पानी में सड़न और प्रदूषण फैलाने वाले हानिकारक तत्वों को नष्ट करते हैं। ई-बॉल पानी के पीएच, टीडीएस, बीओडी और सीओडी स्तर को संतुलित करती है, जिससे पानी की गुणवत्ता में सुधार आता है। यह पूरी तरह इको-फ्रेंडली है और इससे जलीय जीव-जंतुओं या पौधों को कोई नुकसान नहीं होता।

### भिलाई क्षेत्र के इन तालाबों में डाली गई ई-बॉल

सेक्टर 7 तालाब, सेक्टर 2 तालाब, खुर्सीपार बापू नगर, सूर्यकुंड, दर्री तालाब, बाबा बालक तालाब, बैकुंठधाम कैंप 1, हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुंड, कैंप 1 मुक्तिधाम, कुरुद नकटा तालाब, सुपेला शीतला माता तालाब, स्मृति नगर, भेलवा तालाब, संजय नगर, आमा तालाब, दाऊबाड़ा, लिम्हा और भेलवा वार्ड 13 तालाब में ई-बॉल डाली गई।

## खबर संक्षेप



### एथलीट चैंपियनशिप में चरोदा की बेटी ने मारी बाजी, सम्मानित

**भिलाई।** रांची के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 का आयोजन हुआ। रांची में हुए इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बेटी नेनाम रौशन किया है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी थोटा संकीर्तना शामिल हुई। थोटा संकीर्तना ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, उसे कांस्य पदक मिला है। इस चैंपियनशिप में भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। संकीर्तन दुर्ग जिले के चरोदा भिलाई तीन नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत जी केबिन चरोदा की रहने वाली है। उसकी इस उपलब्धि से जी केबिन चरोदा के लोगों ने खुशी जताई है।

### घनश्याम साक्षरता सेवी रामकिशोर पांडे स्मृति सम्मान से हुए सम्मानित




**भिलाई।** लगभग 35 वर्ष पूर्व 90 के दशक में दुर्ग जिला में चले साक्षरता अभियान, उत्तर साक्षरता एवं सतत शिक्षा अभियान तथा साक्षरता से जुड़ी सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी एवं उत्कृष्ट योगदान देने के लिए पूर्व परियोजना संयोजक घनश्याम कुमार देवांगन का दिवंगत साक्षरता सेवी स्व. रामकिशोर पांडे की स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। जैन भवन सेक्टर-6 में साक्षरता मित्र मंच के द्वारा आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा एवं पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. बीएल तिवारी के करकमलों से पद्मश्री शमशाद बेगम, पद्मश्री कुंवर सिंह निषाद एवं पूर्व साक्षरता निदेशक एवं साक्षरता मंच के अध्यक्ष डॉ. डीएन शर्मा की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## निधन

### राजेंद्र साहू

**बालोद/निकुम।** ग्राम ख़ुरसुल निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र साहू का निधन हो गया है। उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम ख़ुरसुल में किया गया। वे छबिलाल साहू पिता है।

# स्पा सेंटरों में देह व्यापार का खेल, जनवरी से अब तक टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका, डेनमार्क, कोरिया से 17 विदेशी पहुंचे, लेकिन कई नहीं लौटे

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

हरिभूमि पड़ताल

भिलाई-दुर्ग में पिछले कुछ समय में देह व्यापार के मामले तेजी से बढ़े हैं। स्पॉ सेंटरों की आड़ में यह गोरखधंधा फलफूल रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में इसका खुलासा हुआ है।

बता दें कि जनवरी 2025 से लेकर अक्टूबर माह तक 17 विदेशी युवतियां टूरिस्ट वीजा में दुर्ग जिले में आईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अमेरिका, डेनमार्क, यूक्रेन, कोरिया, जर्मनी, जापान, थाईलैंड, मलेशिया और बैंकॉक से आए, लेकिन कई वापस नहीं लौटे। पुलिस को इनके लौटने की जानकारी भी नहीं दी गई। खास बात यह है कि इनके बारे में पुलिस के पास फिलहाल कोई जानकारी भी नहीं है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को इस बारे में जानकारी दी गई, तो उन्होंने तत्काल ऐसे सारे टूरिस्ट वीजा में आए लोगों की जानकारी जुटाने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है। साथ ही कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है। बता दें कि इन देशों से आने वाली युवतियां मुख्य रूप से स्पा सेंटरों में सेवाएं दे रहीं हैं। इन स्पॉ सेंटरों की आड़ में देह व्यापार का कारोबार चल रहा है।

पिछले दिनों पुलिस की कार्रवाई से इसका खुलासा हुआ। बता दें कि स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र इन स्पा सेंटरों का हॉट सेंटर बना हुआ है, जहां 40 से ज्यादा स्पा संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। पुलिस की खानापूर्ति के कारण इन स्पा सेंटरों में बेखौफ मसाज और अन्य कार्यों की आड़ में देह व्यापार का खेल चल रहा है।

## स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत सबसे ज्यादा 40 स्पा सेंटर चल रहे, इसी क्षेत्र में सबसे अधिक विदेशी युवतियों के होने की आशंका

### स्पा सेंटरों की नहीं हो रही जांच देर रात 12 बजे तक रहते हैं खुले

टूरिस्ट वीजा पर स्पा सेंटर काम करने के लिए युवतियां, महिलाएं पहुंच रही हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दस माह में 17 लोग पहुंचे हैं, जो यहां रहकर स्पा सेंटर में काम कर रही हैं। जिले में सबसे अधिक स्पा सेंटर स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में है, जहां कई विदेशी महिलाएं, युवतियां काम कर रही है, लेकिन इनकी सारी जानकारी स्मृति नगर पुलिस नहीं खंगाल रही है। सिर्फ यहां के स्पा सेंटरों में अवैध कारोबार करने की छूट दे रखा है। इस टूरिस्ट वीजा के बड़े खेल में कई बार वीजा समाप्त होने के बाद भी विदेशी युवतियां यहां रुकी रहती है मगर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती है। स्पा सेंटर रात 12 बजे तक खुले रहते हैं। उक्त स्पा सेंटरों में स्मृति नगर चौकी के संरक्षण में बेखौफ अवैध कारोबार चल रहा है।



### लगातार शिकायतों के चलते की जा रही जांच

एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुपेला स्थित एक्वा स्पा सेंटर में पुलिस ने दबिश दी थी, लेकिन यहां आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। यह स्पा लंबे समय से चल रहा था। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों से भी पूछताछ की गई। एक्वा स्पा सुपेला थाना के नजदीक है। आरोप है कि इसे छापे की जानकारी पहले से मिल गई थी।

### स्पा की आड़ में हो रहा था देह व्यापार

स्मृति नगर पुलिस चौकी में स्थित लोरेंजो स्पा और ली वेलनेस स्पा में दबिश दी गई थी। यहां स्पा की आड़ में देह व्यापार किया जा रहा था। स्पा से गौरव कोठारी, रचित दास, संतोष कुमार, अब्बास अली, पवन पाण्डेय, धनेश्वर सेन को पकड़ा।

### अक्टूबर 2016 में हुई थी थाई महिला की मौत

पुलिस के मुताबिक बैंकॉक (थाईलैंड) की रहने वाली पुनरम 38 वर्ष की महिला बहन पविना और नैंसी के साथ टूरिस्ट वीजा पर इंडिया आई थी। वह अक्टूबर 2016 से भिलाई के वेद स्पा में काम कर रही थी और शांति नगर में किराए के मकान में बहन और सहेली के साथ रहती थी। उसे उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। वहां उसके दो माह से गर्भवती होने के पता चला। पीड़ित की बहन ने बैंकॉक में परिजनों से इसके बारे में फोन पर बात की। फिर गर्भपात कराने पर सहमति बनी। ऑपरेशन के दौरान अधिक खून बहने से महिला की तबीयत बिगड़ गई। उपचार दौरान उसकी मौत हुई थी।

### जानिए टूरिस्ट वीजा कब-कब विदेशी पहुंचे

पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक जनवरी में 4, मार्च में 1, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर में दो-दो विदेशी दुर्ग जिले में पहुंचे। इसमें अधिकांश स्मृतिनगर क्षेत्र में निवासरत हैं। बहरहाल पुलिस ऐसे सारे टूरिस्ट वीजा में आए लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### देर रात खुले रहते हैं स्पा सेंटर, जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति

स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के स्पा सेंटरों में अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया है। देर रात तक स्पा सेंटर ओपन रहते है। खबर लगातार प्रकाशित होने के बाद पुलिस एक के बाद एक पर कार्रवाई कर संदिग्ध महिला पुरुष स्पा सेंटर से मिल रहें हैं। इसके अलावा आज भी कई स्पा सेंटर स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में हैं, लेकिन उसे जानबूझकर सामने नहीं लाया जा रहा है। ऐसा आरोप है कि दबिश से पहले उसकी जानकारी स्पा सेंटर वालों को हो जाती है। इस कारण कई बार विदेशी युवतियां पकड़ से बाहर रहती हैं।



### जानकारी जुटाई जा रही है

टूरिस्ट वीजा पर यहां पहुंचने वालों की जानकारी जुटाई की जा रही है। वीजा समाप्त होने के बाद भी यहां रुकने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। स्पा सेंटरों पर पुलिस लगातार दबिश देकर कार्रवाई कर रही है। इसे लेकर पुलिस सजग है।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

# टाउनशिप में आवारा मवेशियों की वजह से बढ़ रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में आवारा मवेशियों की समस्या लाइलाज साबित हो रही है। प्रमुख व्यस्ततम मार्गों सहित अंदर के रिहायशी इलाकों में घूमने वाले जानवरों पर अब तक अंकुश नहीं लगाने से दोतरफा समस्या पैदा हो रही है। यूनियनों ने बीएसपी और नगर निगम दोनों से खानपूर्ति के बजाए लगातार धरपकड़क अभियान चलाने की मांग की है। टाउनशिप में के सभी सेक्टरों के आवासीय इलाकों के सामने और व्यस्ततम सड़कों पर विचरने वाले आवारा मवेशियों से दोतरफा समस्या बढ़ रही है। हजारों की तादाद में गाय, बछड़े,सांड व भैंसें बीच सड़कों और बाजारों में घूमते बैठे रहते हैं। इनसे वाहनचालकों के टकराने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। रोज कहीं न कही दुर्घटना में लोग घायल हो रहे हैं। कई बीएसपी कर्मी ड्यूटी आते जाते व स्टूडेंट भी घायल हो चुके हैं। वहीं हजारों मवेशियों के गोबर व मूत्र से टाउनशिप की हरियाली और सुंदरता भी चौपट हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेंट्रल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, उतई रोड, ग्लोब चौक रुआबांधा व नेहरुनगर चौक स्टील क्लब रोड, सुपेला चौक से जेपी सीमेंट चौक रोड व सेक्टर एक रोड मुख्य मार्गों सहित क्रास स्ट्रीट रोड में भी मवेशी चार छह के झुंड में बैठे रहते हैं। वहीं आवासीय ब्लाकों के नीचे परिसर में भी गोबर कर गंदगी फैलाते हैं।

### बाजारों में जमावड़ा

सेक्टर एक से लेकर सेक्टर 10 और रिसाली, मड़ौदा सेक्टर तक सभी सेक्टरों में हजारों की तादाद में मवेशी दिन रात घूम रहे हैं। वहीं सेक्टर 6 ए मार्केट व सेक्टर दस मार्केट सहित सभी सेक्टरों के मार्केटों व साप्ताहिक बाजारों में भी आवारा मवेशियों का उत्पाद होता है। व्यवसायियों ने बताया कि मार्केट में कई ग्राहक व व्यापारी सांडों से चोटिल हो चुके हैं। गंदगी अलग फैल रही है। कई मवेशी मालिक गाय आदि क्वार्टरों में गाय पालने की जगह नहीं होने व चारे के खर्चे से बचने के लिए सड़कों पर जानवरो को खुद मरने व लोगों को घायल करने छोड़ दे रहे हैं। ऐसे लोगों पर भी कार्रवाई जरुरी है।

# और डिले हो सकता है बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव, विलंब से कर्मियों की लंबित हैं कई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी कर्मचारियों को अपनी प्रतिनिधि यूनियन चुनने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। यदि इस साल मान्यता चुनाव नहीं हुए तो अगले साल नगर निगम भिलाई चुनाव के चलते यूनियन निर्वाचन और डिले हो सकता है। लेटलतीफी का खामियाजा हजारों को कर्मचारियों को भुगतना पड़ेगा। यूनियनों ने आईडी एक्ट से जल्द चुनाव कराने की मांग प्रबंधन सीएल से की है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव सालभर से लंबित है। यूनियनों की मांग के बाद भी अब तक चुनाव नहीं होने से कर्मियों की लंबित समस्यों के लिए यूनियनें प्रबंधन पर अपेक्षित दबाव नहीं बना पा रही हैं। पिछली मान्यता यूनियन इस्पात मजदूर संघ बीएमएस का कार्यकाल 24 सितंबर 2024 को समाप्त हो चुका है। लेकिन अब तक आईडी एक्ट के तहत चुनाव करवाने की जहमत सीएलसी ने उठाई है और न ही प्रबंधन ही कोई ध्यान दे रहा है। गतिरोध की यह स्थिति कर्मियों के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। यूनियनों के मुताबिक वर्ष के बचे दो माह में यूनियन चुनाव नहीं हुआ तो फिर अगले साल नगर निगम भिलाई के चुनाव के चलते यूनियन चुनाव फिर लटक सकता है। गौरतलब हो कि अब तक मान्यता यूनियन चुनाव की प्रक्रिया के नाम पर सिर्फ एक बार सीएलसी ने सर्कुलर जारी कर यूनियनों से सदस्यता आदि संबंधी दस्तावेज मंगाए हैं। प्रबंधन ने भी छह माह पूर्व सिर्फ के बैठक की है। अब तक दर्जनभर यूनियनों में मात्र दो श्रमिक संगठन सीटू और लोइमू ने ही सीएलसी के बास दस्तावेज जमा किए हैं।

### कर्मियों की कई समस्याएं लंबित

यूनियन चुनाव को लेकर श्रमिक संगठनों में मतभेद हैं। अधिकतर यूनियनें जल्द चुनाव चाहती हैं और इनमें अब तक चुनाव नहीं होने से असंतोष है। वहीं कुछ एनजेसीएस यूनियनें चुनाव के पहले वर्ष 2017 से अपूर्ण सेल वेतन समझौता को पूर्ण करवाने की मांग कर रही हैं। इंटक के वीबी सिंह बताते हैं कि चुनाव के पहले लंबित वेतन समझौता के तहत 39 महीने के एरियर्स का भुगतान व भत्ते आदि का निदान जरुरी है। प्रबंधन चुनाव करवाकर यूनियनों को आपस में उलझाना चाहता है।

**एक बार सीटू व एक बार इंटक और बीएमएस :** बीएसपी में मान्यता यूनियन का पिछला चुनाव 23 सितंबर 2022 में हुआ था। भिलाई इस्पात मजदूर संघ संबद्ध बीएमएस ने चुनाव जीतकर सर्वाधिक सदस्यता हासिल की थी। इसके पूर्व दो मर्तबा सीटू और एक बार इंटक ने चुनाव जीतकर मान्यता हासिल की थी। बीएसपी में बीएमएस, सीटू व इंटक, एटक, एचएमएस,एक्टू, लोइमू, इस्पात श्रमिक मंच,बीएसपी वर्कर्स यूनियन, स्टील वर्कर्स यूनियन, बीएकेएस, भिलाई कर्मचारी यूनियन आदि यूनियनें हैं।

# हर व्यक्ति के जीवन में नैतिक उत्कृष्टता होना अत्यावश्यक : चितरंजन महापात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को एचआरडी सेंटर में किया गया। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर किया जा रहा है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महापात्र ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरु किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, सीजीएम तापस दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, तथा मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ सुनील सिंघल सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। श्री सिंघल ने अतिथियों सभी सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। छात्रा नलिनी डड़सेना व छात्र पवन कल्याण ने इस वर्ष की थीम पर अपने विचार व्यक्त किये।

### पढ़ा गया राष्ट्रपति का संदेश

श्री महापात्र ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में नैतिक उत्कृष्टता एवं सत्यनिष्ठा का पालन अत्यावश्यक है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह को केवल एक औपचारिक आयोजन के रूप में नहीं, बल्कि सतर्कता, सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति वर्षभर चलने वाले निरंतर संकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों का महाप्रबंधक रेणु गुप्ता, दीप्ति राज, उप महाप्रबंधक नौशाद तथा वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक अंशुमान सिंह ने किया किया।

## पेज 11 के शेष

### दो युवकों ने केज की ...

मछली का वजन 20 ग्राम से 50 ग्राम का था, जिसे रविन्द्र कुमार एवं हेमशंकर कस्तुरे ने केज के हाफा (जाली) को खोल कर डेम में बहा दिया है, जिससे हमें करीबन 6,00,000 रूपये का नुकसान हुआ है। इस संबंध में रविन्द्र कुमार एवं हेमशंकर कस्तुरे से पूछने पर दोनो ने हमारे सामने कबुल किया कि मछली पालन की केज के हाफा (जाली) को खोलकर मछलियों को तांदुला डेम में बहा दिये है।

### युवती से मारपीट, 3 युवकों ...

रामखिलावन के साथ मेला मण्डाई घुमने कोरबा से ग्राम ठेमाबुजुर्ग 19 अक्टूबर आई हूं। 27 अक्टूबर को भी ग्राम ठेमाबुजुर्ग का बासी मण्डाई आपने दोस्त पवित्र उर्फ रामखिलावन के साथ घुम रही थी तभी मंदिर के पास ग्राम ठेमाबुजुर्ग के कुछ लड़के अभद्र शब्दों का उपयोग कर आपत्तीजनक इशारा कर रहे थे, हम दोनो इन बातों को नजरअंदाज करते हुए आगे जा रहे थे, तभी शाम करीबन 06.50 बजे ग्राम ठेमाबुजुर्ग के एक दुकान के सामने गांव के महेश पटेल, जीवन नेताम, गोपी नेताम मिले, वे आपत्ती जनक शब्द बोल रहे थे, जिसे हम दोनो के द्वारा मना किया कि इस तरह की बातें क्यों कर रहे हो, इतने मे महेश पटेल, जीवन नेताम, गोपी नेताम इन तीनों के द्वारा मुझे और मेरे साथी पवित्र उर्फ रामखिलावन को गाली गलौच करते हुए यहां क्या करने आये हो बोलने लगे तो हम दोनों इस बात का विरोध किये तो महेश पटेल, जीवन नेताम, गोपी नेताम इन तीनों के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए धमकी दिये है, मारपीट से मुझे सिर मे चोट है व मेरे साथ पवित्र उर्फ रामखिलावन के बांए तरफ माथा मे चोट आया है।







SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
मकान - संतान योग
दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
कालसर्प दोष निवारण
प्रेम विवाह, मोहनी
मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम बिरेतरा निवासी आशाबाई ने विद्युत मीटर लगाने, रानीतराई निवासी बसंतराम ने आवास हेतु भूमि दिलाने, कोबा निवासी संजय ने गांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह रमतरा निवासी चन्द्रभान ने इलाज हेतु सहायता राशि दिलाने,भोजसिंह एवं हितेश्वरी ने राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह अन्नुटोला के ग्रामीणों ने मुक्तिधाम से अतिक्रमण हटाने एवं ग्राम भीमाटोला के सरपंच ने स्कूल भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे।

### गौधाम में आज गोपाष्टमी उत्सव

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग जिला स्तरीय गौधाम समिति जिला बालोद द्वारा आज नगर बालोद के गौधाम मे गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यकगम प्रातः 11 प्रारंभ होगा। कार्यक्रम मे अध्यक्ष जिला स्तरीय गौधाम समिति जिला बालोद योगेश्वर यादव सहित समिति के सदस्यों के सांथ ग्रामीण व नगर के बंधु एवं भगिनी व गौ मित्र, गौ सखीं, गौ सेवक, गौ पालक, कृषक सभी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास समिति, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख संगठन के कार्यकार्ता जिला व विकासखंड स्तरीय गौधाम समिति जिला बालोद के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### गोपाष्टमी पर तीन दिवसीय गौ कथा व हवन पूजन




**गुरूर।** गोपाष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन समिति एव केशव गौशाला लोहरा रोहरा के द्वारा हवन पूजा एवं तीन दिवसीय गौ कथा का आयोजन किया गया है। केशव गौशाला लोहरा रोहरा में कार्यक्रम 28 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, जिसका समापन 30 अक्टूबर को होगा। जिसमे कथावाचक पंडित ओमप्रकाश ठाकुर होंगे व भजन संगीत सत्यव्रत शास्त्री द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। जिसमे भजन संगीत दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक तथा संगीतमय गो कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। प्रतिदिन हवन पूजन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक होगा। गौ माता एवं श्री कृष्ण की आरती शाम 6 बजे से होगी। भजन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक होगा।

**आयोजन : रामलीला मंचन करने पर बेटियों को किया सम्मानित**

# मातर उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/कलंगपुर

ग्राम कलंगपुर में मातर उत्सव बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां का मातर उत्सव आसपास क्षेत्र मे बहुत चर्चित है, जिसके चलते मातर उत्सव देखने यहां पर हजारों की संख्या मे भारी भीड़ रहती है। यहां के मातर उत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों मे स्थानीय शासकीय, अर्धशासकीय कर्मचारी संघ एवं ग्राम विकास समिति का विशेष सहयोग रहता है।

पिछले दो वर्षों से रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय अधिकारी कर्मचारी संघ व ग्राम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान मे किया जाता है, इस वर्ष भी मातर उत्सव पर रात्रिकालीन कार्यक्रम मोर मयारु संगी लोककला मंच की मनमोहक प्रस्तुती रखा गया था।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष खिलानंद कुल्हारे, उपाध्यक्ष राकेश मंडावी, संरक्षक प्रेमलाल सिन्हा, तोरण कुल्हारे, योगेश निषाद, एवं ग्रामीण अध्यक्ष कुशल राम साहू के मुख्य आतिथ्य मे भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना कर किया गया। अवगत हो कि इस ग्राम मे पिछले तीन वर्षो से दशहरा पर्व पर रामलीला मंचन की सभी किरदार यहां की बेटियां निभाती है जिसके लिए कार्यक्रम मंच पर इन बेटियों का स्वागत व फोटो फ्रेम से सम्मानित किया गया, साथ ही ग्राम विकास समिति के द्वारा अधिकारी कर्मचारी संघ के सभी सदस्यों को माता लक्ष्मी जी की चांदी की सिक्के भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर संघ के अध्यक्ष खिलानंद कुल्हारे एवं उपाध्यक्ष राकेश मंडावी ने सकारात्मक बात रखते हुए कहा कि ग्रामवासियों एवं ग्राम विकास समिति के उत्साह मे शामिल होकर संघ के सभी सदस्य गर्व महसूस कर रहे है। साथ ही संघ के अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मातर उत्सव पर रात्रिकालीन कार्यक्रम हमारे अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान मे आयोजित किया जायेगा।




इस दौरान संघ के संरक्षक प्रेमलाल सिन्हा के सारगर्भित प्रेरक उद्बबोधन से युवा कर्मचारियों एवं ग्रामीण जनों के मन मे नई जोश, उमंग का संचार कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन दिलीप कुमार कुल्हारे, कोमल कुल्हारे शिक्षक एवं हरीश कुमार कुल्हारे ने किया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू ने आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर तोरण कुल्हारे, योगेश निषाद, रामनारायण सिन्हा, केशव वैष्णव, ठाकुर राम चन्द्रवंशी, पालेन्द कुल्हारा, भुवनेश्वर कुल्हारे, टिलेश्वर साहू, भोलेश महतो, जीतु महतो, पूर्णिमा मंडावी, अंजूबाला साहू, भगवती कुल्हारे, गरिमा कुल्हारे, कामिनी ठाकुर, सरोज कुंवर साहू, सुखचरण कुल्हारे, शत्रुघ्न महतो, इंद्र कुमार कुल्हारा, मिलन सिन्हा, नारायण चंदन, लोकेश साहू, उग्रसेन साहू,संहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा महोत्सव हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया



**गुरूर।** इस्कॉन प्रचार केन्द्र गुरुर में गोवर्धन पूजा महोत्सव अत्यंत हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया गया। केशव सखा दास के नेतृत्व में भक्तगण परंपरागत विधि से गोबर से गोवर्धन जी महाराज का निर्माण किया गया, जो भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय पर्वत गोवर्धन की पूजा का प्रतीक है। इसके पश्चात भक्तों ने हरिनाम संकीर्तन और विभिन्न पूजा–अर्चनाओं द्वारा गोवर्धन जी की उपस्थिति का आह्वान किया। अन्नकूट महोत्सव के रूप में भी प्रसिद्ध इस पर्व में गोवर्धन को अनेक प्रकार के भोगों का अर्पण किया गया। भोग अर्पण के बाद भक्तों ने श्रद्धा–पूर्वक गोवर्धन परिक्रमा की, जो पापों का नाश करने वाली और आत्मा को शुद्ध करने वाली मानी जाती है। इससे भगवान से गहरा आध्यात्मिक संबंध स्थापित होता है। संध्या में दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे वातावरण और भी मंगलमय एवं पवित्र बन गया।

इस प्रकार भक्तों ने अत्यंत भक्ति और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया। इस्कॉन प्रचार केन्द्र, गुरुर का अगला आगामी कार्यक्रम इस्कॉन के संस्थापकाचार्य एसी. भक्तिवेदान्त स्वामी श्रील प्रभुपाद जी का दिव्य विलय महोत्सव ग्राम धोबनपुरी में आयोजित किया गया।

## ग्राम मोखा में मातर महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**गुरूर।** दीपावली पावन पर्व के उपलक्ष्य मे ग्राम मोखा (गुरुर) में मातर महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह यादव समाज एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से बड़ी धूम धाम से सम्पन्न हुआ।

मातर मे यादव समाज के द्वारा राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी एवं गॉव के समस्त देवी देवताओं का मातर उत्सव के दौरान पूजन किया गया। मातर उत्सव मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति राजेंद्र गंजीर थे। पूर्व सरपंच पुष्पेंद्र कटेंद्र, सरपंच ग्राम पंचायत मोखा अश्वनी युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामस्वरूप सिन्हा, ग्रामीण कोशाध्यक्ष उदय रामठाकुर, सहकोशाध्यक्ष फागूराम नेवेंद्र, ग्रामीण सचिव कांशीराम कलिहारी, सहसचिव विमलकुमार सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, अध्यक्ष यादव समाज मोखा घनाराम यादव, डॉ गोवर्धन यादव, रामेश्वर यादव, अध्यक्ष नवयुवक मंडल मोखा टीकम सिन्हा शामिल हुए एवं बड़ी संख्या मे ग्राम के अलावा दूर दूर के लोग मातर देखने पहुंचे थे, और रात्रि मे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सिलतरा (दुर्ग )के कलाकारों नें अपनी प्रस्तुति दी।



# सैनिकों के त्याग और बलिदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला मुख्यालय के निकट स्थित ग्राम पड़कीभाट मे आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में देश के वीर सपूतों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया सहित कई गणमान्य हस्तियाँ शामिल हुए। देश की आन, बान और शान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों तथा सेवानिवृत्त सैनिकों व सेवारत सैनिकों के सम्मान में यह समारोह आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि तथा सभी अतिथियों ने सैनिकों की वीरता को नमन किया तथा सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

- जवानों के सम्मान में गूंजे जयकारे, वीर परिवारों का किया सत्कार

मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हमारे जवान विपरीत और कठिन परिस्थितियों में भी देश की सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहते हैं। वे हमारे राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने सैनिकों के त्याग, बलिदान और समर्पण की सराहना की। उन्होंने युवाओं से देशभक्ति की भावना आत्मसात करने और सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा कि हमारे सैनिक देश की अमूल्य धरोहर हैं। उनका अदम्य साहस और बलिदान ही हमें सुरक्षित रखता है। देश उनके ऋण को कभी नहीं चुका सकता।

कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया तथा सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस समारोह में शहीद सैनिकों के परिजनों, पूर्व सैनिकों वो सेवारत सैनिकों को भी उनकी असाधारण सेवा के लिए प्रशंसा पत्र भेंट किए गए एवं शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ इस कार्यक्रम देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। यह समारोह देश के प्रति समर्पण और अटूट राष्ट्रवाद की भावना को पुनजर्एवित करने वाला एक शानदार आयोजन रहा।

## समोसे की चटनी पर बवाल, ड्राइवर से होटल संचालक ने की मारपीट

**भिलाई।** कैलाश नगर में समोसे के साथ चटनी मांगना एक ड्राइवर को भारी पड़ गया। मामूली बात पर समोसा सेंटर संचालक ने ग्राहक की डंडे से पिटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित राजेश दुबे (52 वर्ष) सुंदर विहार फेस-1 कुरूद का रहने वाला है। रविवार दोपहर वह अपने साले के घर मदर टेरेसा नगर कैंप-1 से लौट रहा था। रास्ते में उसके दोस्त छोटू मोहम्मद खान और सदरूद्दीन अंसारी मिले। तीनों ने कैलाश नगर एकता चौक के पास स्थित राजू समोसा सेंटर में समोसे खाने का फैसला किया। खाने के दौरान जब राजेश ने दोबारा चटनी मांगी, तो संचालक राजू और उसके साथ काम करने वाले सप्लायर ब्वाय ने गुस्से में कह दिया कि दोबारा चटनी नहीं मिलेगी। बात बढ़ी तो दोनों ने मिलकर राजेश से मारपीट कर दी। मारपीट में राजेश के दाहिने गाल, हथेली और कमर में चोटें आईं। उसने जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से कन्हैया का सपना हुआ साकार

## अब बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव रखी है इस घर में : कन्हैया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम पेरपार निवासी कन्हैया पटेल पिता जनक पटेल, का वर्षों पुराना सपना अब हकीकत बन गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की मदद से उनके कच्चे घर की जगह अब एक सुंदर पक्का मकान खड़ा है। वे कहते है यह केवल एक मकान नहीं, बल्कि उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।



इस योजना के साथ मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अभिसरण ने कन्हैया पटेल की खुशियों को और बढ़ा दिया। आवास निर्माण के दौरान उन्हें 90 मानव दिवस की मजदूरी मिली, जिससे न केवल परिवार की आमदनी बढ़ी, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर सृजित हुए। कन्हैया पटेल ने बताया "पहले हमारा घर मिट्टी और फूंस का था, बारिश में पानी टपकता था। अब प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा की मदद से हमें सुरक्षित और सुंदर घर मिला है। बच्चों को पढ़ने के लिए बेहतर माहौल और पूरे परिवार को गर्व का अहसास हुआ है।

ग्राम पंचायत सरपंच मिथलेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा का संयुक्त क्रियान्वयन (अभिसरण) ग्रामीण विकास की दिशा में एक प्रभावी कदम है। इससे न केवल आवास निर्माण तेज़ी से हुआ है, बल्कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का उद्देश्य प्रत्येक बेघर और कच्चे मकान में रहने वाले परिवार को पक्का घर प्रदान करना है, वहीं मनरेगा योजना के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार और मजदूरी की गारंटी दी जा रही है।

इन दोनों योजनाओं का समन्वय ग्रामीण जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर योजना के सफल संचालन में ग्राम रोजगार सहायक तामेश्वर पटेल का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने आवास निर्माण की निगरानी, मजदूरी भुगतान और कार्यों के समय पर पूर्ण होने में अहम भूमिका निभाई।

# छठ पर्व पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पहुंचे नेवई डेम, सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

उत्तर भारत के मुख्य त्यौहार छठ पर्व जिसे अब पूरे भारत में हर्षों उल्लास के साथ मनाई जाती है।

- यह पर्व सामाजिक एकता का प्रतीक है

इसी पर्व की बधाई देने दुर्ग ग्रामीण पूर्व विधायक व पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सुबह-सुबह नेवई डेम पहुंचे। वे सूर्योदय के पहले ही डेम निकट पहुंचे और लोगों से मेल मुलाकात कर पर्व की बधाई दी। इस दौरान गृहमंत्री वेदी की पूजा अर्चना भी की। साथ ही ऊगते सूरज को नमन किया। बाद में ताम्रध्वज साहू रिसाली निगम क्षेत्र के कल्याणी मंदिर तालाब और अंत में जवाहर उद्यान भिलाई तालाब पहुंचकर ऊगते सूरज को अर्ध देने पहुंचे और उत्तर भारतियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, महापौर शशि सिन्हा,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद रेखा देवी,जमुना ठाकुर, अनूप डे, विनय नेताम, पूर्व एल्डरमेन संगीता सिंह,तरुण बंजारे,विनोद गुप्ता, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस मुकुंद भाऊ, जाकीर खान,चंद्रभान ठाकुर,राहुल राय, दिवाकर गायकवाड़,युवक कांग्रेस के सनीर साहू, सुरेन्द्र बाघमारे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।



### कबीर पंथी साहू समाज का बैठक 30 को

**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ प्रदेश कबीर पंथी साहू समाज का त्रिदिवसीय वार्षिक अधिवेशन आगामी जनवरी माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध मे कार्यक्रम की तैयारी व रुपरेखा पर चर्चा हेतु बालोद जिला आयोजन समिति की आवश्यक बैठक गुरुवार 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे साहू सदन गुण्डरदेही मे रखी गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**सिन्हा समाज अनुशासन और संगठन का प्रतीक**

# डड़सेना कलार समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

डडसेना कलार सिन्हा समाज द्वारा भगवान सहस्त्रार्जुन देव की जयंती गुरामी परिक्षेत्र के ग्राम गैंजी में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सहस्त्र अर्जुन देव की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन से किया गया। ततपश्चात स्वजातीय माता बहनों द्वारा सिर पर कलश धारण कर गली भ्रमण किया गया। जहां चौक चौराहे पर ग्रामीण माताओं ने कलश यात्रा का सम्मान करते हुए पूजा अर्चना किया।

अतिथियों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का पूजा अर्चना कर सामाजिक ध्वजारोहण कर समाज का सम्मान करते हुए मंच में विराजमान हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हर समाज की रीति नीति अलग रहती है। जिसमें सामाजिक मर्यादाओं का पालन करते हुए, समाज को संगठित करते हुए आगे बढ़ाना चाहिए। सिन्हा समाज सशक्त व अनुशासित समाज है हमें सिन्हा समाज से अनुशासन की सीख लेनी चाहिए। सहस्त्रबाहु भगवान की जयंती कार्यक्रम में मुझे शामिल होने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने भगवान सहस्त्रार्जुन देव की जीवन गाथा का वर्णन किया। हम जयंती क्यों मनाते हैं इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर व्यक्ति को अपने इष्ट देव आराध्य का पूजन करना चाहिए। मालेकर ने संगठित समाज का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि सिन्हा समाज अपने आप में संगठित समाज है, परीक्षेत्रीय सिन्हा समाज ने आज एकजुट होकर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की जयंती मना रहे हैं जिसकी मैं भूरी भूरी प्रशंसा करता हूं। क्षेत्राधिकारी विजय कुमार सिन्हा,ग्राम पंचायत गैंजी के सरपंच जनक लाल खांडे, हेमचंद धनकर, जिला संगठन मंत्री हरेश्वर सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य माहरू राम सिन्हा, क्षेत्रीय संरक्षक जगत पाल सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव फ़गनू राम सिन्हा, भगवानी सिन्हा, विवेचना अधिकारी नंदू राम सिन्हा, ग्राम प्रमुख गण गुरामी कुलेश्वर सिन्हा, जाटादाह देवनारायण सिन्हा, गैंजी राजेश सिन्हा, मडियाकट्टा पुरुषोत्तम सिन्हा, भीमदो से धन्नू लाल सिन्हा प्रमुख रुप से उपस्थित थे। गैंजी से अशोक सिन्हा, पंकज सिन्हा, योगेश सिन्हा, शैलेन्द्र सिन्हा, दशरथ सिन्हा, सुरेन्द्र सिन्हा का विशेष सहयोग रहा है। कार्यक्रम का संचालन जितेश्वर सिन्हा ने किया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411